**कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)**

पत्रांक : उ0वि0शि0प0/डी0एल0एड0प्र0प02025/विज्ञप्ति 05/573-77/ 2025–26 दिनांक24 नवम्बर 2025

**: द्विवर्षीय डिप्लोमा इन एलीमैन्टरी एजूकेशन (D.El.Ed) प्रशिक्षण हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा 2025 :**

**विज्ञप्ति**

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा दिनांक 22 नवम्बर 2025 को आयोजित द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2025 के प्रश्नपत्र के चारों सेट (A, B, C, D) की औपबंधिक (Provisional) उत्तर कुंजी (Answer Key) जनहित में परिषद की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in के DEPARTMENTAL EXAM/DElEd कार्नर एवं www.ukdeled.com पर प्रसारित कर दी गई है। अभ्यर्थी परिषद की उक्त वेबसाइट से उत्तरकुंजी (Answer Key) डाउनलोड कर सकते हैं।

यदि किसी अभ्यर्थी/आवेदक को किसी प्रश्न/प्रश्नों के उत्तर पर कोई आपत्ति हो तो वे परिषद द्वारा निर्धारित प्रपत्र (जो परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है) पर अपना प्रत्यावेदन/आपत्ति दिनांक 04 दिसम्बर 2025 तक परिषद की ई–मेल deled2015@gmail.com पर पुष्ट प्रमाणों सहित परिषद कार्यालय को प्राप्त करा सकते हैं। **एक प्रपत्र में केवल एक ही प्रश्न/उत्तर पर प्रत्यावेदन/आपत्ति अंकित करें, यदि एक से अधिक प्रश्नों/उत्तरों पर आपत्ति हो तो प्रत्येक के लिये अलग–अलग प्रपत्र पर प्रत्यावेदन/आपत्ति तैयार कर प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रत्यावेदन/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी अपने प्रत्यावेदन/आपत्ति की पुष्टि हेतु संदर्भ साहित्य की स्वप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न करें।** प्रमाण/साक्ष्य रहित प्रत्यावेदन/आपत्ति, ई–मेल के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाले प्रत्यावेदन/आपत्ति एवं अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले प्रत्यावेदन/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

24/11/2025

(वी0पी0 सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

Scanned with OKEN Scanner